RD 5730 मीटर (गार्ज भाग) और RD 4980 मीटर (नॉन गार्ज भाग) के डिजाइन बांध अनुच्छेद के लिए सीमा संतुलन पद्धति द्वारा ढलान स्थिरता विश्लेषण एवं दो आयामी भू-तकनीकी सॉफ्टवेयर 'प्लेक्सिस 2डी' द्वारा रिसन विश्लेषण (नियमित रिसन तथा अपकर्षण की स्थितियों के लिए) अनुप्रवाह पानी स्तर 215.5 मीटर और 231.00 मीटर के लिए किया गया। अनुप्रवाह क्षेत्र में उपकर्ष स्थिति के लिए 215.5 मीटर एवं 231.0 मीटर के पानी स्तर से बाँध तल तक यानी कि RD 5730 मीटर के अनुच्छेद के लिए 209.21 मीटर तक एवं RD 4980 मीटर के बाँध अनुच्छेद के लिए 227.14 मीटर तक पानी के स्तर में अचानक गिरावट के लिए विश्लेषण किया गया। उपकर्ष की गति 3 मीटर प्रति महीना मानी गयी। विश्लेषण से यह पाया गया कि आईएस 7894:1975 में सिफारिश किए गए मूल्यों से अधिक सुरक्षा गुणक होने के कारण, बांध अनुच्छेद ढलान स्थिरता के दृष्टिकोण से सुरक्षित है। तथापि, RD 5730 मीटर अनुभाग के रिसन विश्लेषण से प्राप्त फ्रेअटिक लाइन की विशेषताओं एवं निर्माण कठिनाइयों का विचार करते हुए, उन्नत फिल्टर स्तर और उसके नीचे शैल मैट्रिक्स क्षेत्र के साथ एक वैकल्पिक बाँध अनुभाग का प्रस्ताव दिया गया। प्रस्तावित अनुभाग ढलानों के सुरक्षा गुणक, नियमित रिसन तथा अपकर्ष की स्थितियों के लिए, दोनों अनुप्रवाह पानी स्तर अवस्था के लिए न्यूनतम अपेक्षित से अधिक पाए गए (6.29 मीटर अनुप्रवाह जल स्तर के लिए क्रमश: 2.04 और 1.96 तथा 21.79 मीटर अनुप्रवाह पानी स्तर के लिए 1.90 और 1.52)।

आईएस 8826:1976 में उल्लिखित गुणवत्ता दिशानिर्देशों के अनुसार शैल सामग्री अनुप्रवाह ढलान में इस्तेमाल करने की सिफारिश की गयी। साथ ही आईएस 9429:1999 में उल्लिखित दिशानिर्देशों के अनुसार रिसन जल के संकलन एवं अपवाह हेतु अनुप्रवाह ढलान पर फ्रेअटिक लाइन के प्रतिछेद एवं बाँध पराग्र के पास पर्याप्त अनुप्रस्थ अपवाहिका, अनुदैर्ध्य अपवाहिका एवं पराग्र अपवाहिका के प्रावधान की सिफारिश भी की गई। क्योंकि अनुप्रवाह क्षेत्र में महत्तम मानसून बाढ़ के समय जलस्तर 231.0 मीटर अल्प समय तक रहेगा। आईएस 8237:1985 के दिशानिर्देशों के अनुसार ढलान सतह के लिए इस स्तर तक कटाव विरोधी रिपरैप जैसे सुरक्षा उपायों का प्रावधान करने का सुझाव भी दिया गया।



RD 5730 मी. का डिजाईन बाँध अनुच्छेद- अनुप्रवाह पानी स्तर 231.0 मी. के लिए रंध्र दाब समोच्च रेखा (नियमित रिसन स्थिति)



RD 5730 मी. के प्रस्तावित बाँध अनुच्छेद के लिए क्रांतिक वृत्त (नियमित रिसन स्थिति) सुरक्षा गुणक=2.04

5599 - ANALYSIS AND INTERPRETATION OF DAM INSTRUMENTATION DATA FOR PERIOD JANUARY 2016 TO DECEMBER 2016 FOR SPILLWAY BLOCK 13, INDIRA SAGAR DAM, M.P.

A 92-meter high and 653 meter long Indira Sagar dam is a concrete gravity dam across River Narmada in Madhya Pradesh consisting of 27 blocks of which block nos. 1 to 3 and 25 to 27 are non-overflow blocks while block nos. 4 to 24 form spillway portion. Besides irrigation, the dam further envisages power generation of 1000 MW from installed 8 units of 125 MW each. In order to monitor the structural behaviour of dam, various instruments such as Foundation Piezometers, Stress meters, Extensometers, Reservoir Water Level Meter, Strain meters, No Stress Strain Meters; Thermometers etc. have been installed in Spillway Block No.13 at different levels and varying distances from dam axis by M/s Encardiorite Systems under the supervision of Instrumentation group, CWPRS, Pune. Data from installed instruments are collected by Project officials every fortnight since year 2003 and sent to CWPRS at regular intervals for further studies. The studies include detailed analysis and plotting of data of various parameters along with reservoir water level Vs time, 2D Stress analysis by FEM, using LUSAS ver.14.3 software of dam block under various load combinations, interpretation of results and comparison with design / computed values and plotting of isotherms from installed thermometer data in respect of Spillway block no. 13. Studies though primarily cover the results between Jan 2016 to Dec 2016, for the sake of continuity monitoring behavior of instruments for the entire period between January 2003 to December 2015 has been covered.

The pattern of measured Vertical Stress, Displacement and settlement has been in fair agreement with computed values by FEM. Measured uplift pressure remains less than the computed values as per BIS criteria. For other parameters such as Temperature, Water level and Pore pressure, most of the instruments exhibited cyclic trend indicating regular dam behavior, remain within allowable limits and fairly match with computed values. During the year 2016, differential displacement at block joints has suddenly increased beyond permissible limits which requires attention.



Distribution of Minimum Principal Stress by 2D FEM



Comparison of measured and computed Uplift Pressure at Maximum Reservoir Water Level during 2016

5599 - मध्य प्रदेश में स्थित इंदिरा सागर बाँध के उत्प्लावी खंड संख्या 13 में अधिष्ठापित उपकरणों से जनवरी 2016 से दिसम्बर 2016 तक की समय अवधी में प्राप्त आँकड़ों का विश्लेषण तथा अर्थ

इंदिरा सागर बाँध मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी पर बना है । इसकी अधिकतम ऊँचाई 92 मीटर और लम्बाई 653 मीटर है । कुल 27 निपिण्ड खंडों में निर्मित इस बाँध की खंड संख्या 1 से 3 तक और 25 से 27 तक अनुत्प्लावी खंड है जबकि खंड संख्या 4 से लेकर 24 तक उत्प्लावी खंड है । बाँध निर्माण से उत्पन्न जलाशय के जल का उपयोग सिंचाई के अलावा 1000 मेगावाट (8 x 125 MW) विदयुत उत्पादन में होता है । बाँध के संरचनात्मक व्यवहार के अध्ययन के लिए विभिन्न प्रकार के उपकरण जैसे नींव दाब मापी यंत्र, उत्थान दाब मापी नलिका, नींव विस्थापन मापी यंत्र, जल स्तर मापक यंत्र, शून्य प्रतिबल-विकृति मापक मीटर, प्रतिबल मीटर, विकृति मीटर, ताप मापी यंत्र इत्यादि उत्प्लावी खंड संख्या 13 में भिन्न भिन्न स्तरों पर बाँध अक्ष से अलग अलग दूरियों पर बाँध निर्माण के समय अधिष्ठापित किये गये हैं । वर्ष 2003 के बाद से हर पखवाड़े में परियोजना अधिकारियों द्वारा अधिष्ठापित यंत्रों से संग्रहित आकड़ों को एक नियमित समय अन्तराल पर इस संस्था को अध्ययन हेतु उपलब्ध कराया जाता रहा है । इस अध्ययन में विभिन्न प्रचालों के आँकड़ों का विस्तृत विश्लेषण एवं जलाशय के जल स्तर के साथ आलेखन, भिन्न भिन्न भार संयोजनों के लिए बाँध खण्ड का परिमित अल्पांश प्रतिमान विधि द्वारा 2D प्रतिबल विश्लेषण, परिणामों की व्याख्या एवं सैध्दांतिक मानों से तुलनात्मक अध्ययन और अधिष्ठापित ताप मापी यंत्रों के आँकड़ों का समताप आलेखन सम्मिलित हैं। वर्तमान विश्लेषण मुख्य रूप से जनवरी 2016 से दिसम्बर 2016 तक के आँकड़ों पर आधारित है, जबकि अध्ययन के तारतम्य को बनाए रखने के लिए जनवरी 2003 से दिसम्बर 2015 तक के संपूर्ण आँकड़ों को शामिल किया गया है। मापित उर्ध्वाधर प्रतिबल, विस्थापन एवं निषदन और परिमित अल्पांश प्रतिमान विधि से परिकलित सैध्दांतिक मानों में काफी समानता पायी जाती है। BIS मापदंड के अनुसार उत्प्लावी खंड में मापित उत्थान दाब सैध्दांतिक मानों की तुलना में कम पाये गये हैं। दूसरी प्रचालकों जैसे विकृती ताप,खंड के संधि का सापेक्ष विरूपण एवं लगभग सभी यंत्रों का चक्रीय प्रवणता बाँध के नियमित व्यवहार को दर्शाता है एवं सारे मान अनुमत सीमा के अंदर पाये गयें हैं और उत्प्लावी खंड में सैध्दांतिक मानों में समानता पायी जाती है।



2D FEM द्वारा न्यूनतम प्रिंसिपल तनाव का प्रतिमान



2016 के दौरान अधिकतम जलाशय जल स्तर पर मापित एवं सैध्दांतिक उत्थान दाब की तुलना

5616 - GEOTECHNICAL STABILITY STUDIES FOR BREAKWATER AND NAVIGATION CHANNEL AT PARADIP PORT, ODISHA

Paradip port is located on the East coast of India in Jagatsinghpur district of Odisha. The port is one of the twelve major ports of India and also one of the largest on east coast. It is situated at the confluence of river Mahanadi and Bay of Bengal. Extensive expansion projects are planned in the port to increase its cargo handling capacity. During the second phase of dredging, the approach channel is to be deepened to -19.8 m to facilitate berthing of 1,85,000 MT DWT (Metric Tonnes Dead Weight Tonnage) vessels**.**Apprehension was expressed regarding stability of the North and South breakwaters adjoining the approach channel due to its deepening and widening. In view of the above, a geotechnical study was proposed to be undertaken by the port authorities to assess stability of breakwater due to future capital dredging of the approach channel.

The stability of lee side South breakwater slope and approach channel slope was assessed by conducting analysis by Bishop's Limit equilibrium method of slip circle. Various slip circles passing through the breakwater and approach channel slopes at different levels were considered for assessing safety. The Factor of Safety (FoS) of critical circle was found to be 1.47. Slope stability analysis of breakwater and approach channel slope was also carried out using numerical modeling Software FLAC-2D which calculates the FoS by Strength Reduction Technique. The present problem was run in stages – Stage I : for initial state conditions to obtain stresses in foundation before construction of breakwater, Stage II : Rubble layers of breakwater were added to the foundation and Stage III : proposed excavation portion in approach channel was removed to obtain final stress conditions. Finally, the model was run for slope stability calculations to obtain FoS. The analysis yielded FoS of 1.46 with very small critical failure surface on the breakwater slope near toe of lee side slope. Thus, it is seen that the result of FLAC analysis is similar to analysis by Limit Equilibrium method. Further, a revised cross-section of approach channel with sheet piles was received from project authorities. In this section the approach channel slope started from lee side breakwater toe with slope of 1(V):6.4(H) up to bottom of the proposed navigation channel. From Slope stability analysis of this revised section of approach channel and breakwater slopes using Limit Equilibrium method it was concluded that since the values of FoS of slip circles at various locations are more than the minimum required value of 1.2; the approach channel and lee side breakwater slopes are geotechnically safe from slope stability point of view under static loading conditions.

Paradip Port lies in seismic zone III (Moderate Damage Risk Zone) as per the seismic zoning map of India given in IS 1893:2002. In view of presence of fine silty sand in the foundation strata, liquefaction potential assessment studies were conducted using Seed's Simplified method. Results indicated that the Factor of Safety against liquefaction (FoS_{liq}) at various depths is more than 1.0. Hence it is concluded that there is no possibility of occurrence of liquefaction in soil strata underneath South breakwater.

Layout of Paradip Port



Critical Slip Circle for Revised Cross section of approach channel and breakwater (FoS=1.47)

5616 - पारादीप बंदरगाह, ओडिसा के तरंगरोधक तथा उपगमन वाहिका का भू-तकनीकी स्थिरता विश्लेषण

पारादीप बंदरगाह भारत के पूर्वी तट पर ओडिसा के जगतसिंहपुर जिले में स्थित है। महानदी और बंगाल की खाड़ी के संगम पर स्थित यह पत्तन भारत के बारह प्रमुख पत्तनों में से एक और पूर्वी तट पर सबसे बड़ा है। नौभार क्षमता बढ़ाने हेतु बंदरगाह के व्यापक विस्तार हेतु परियोजना बनाई गई है। तलमार्जन के दूसरे चरण के दौरान 1,85,000 मैट्रिक टन डीडब्ल्यूटी (मेट्रिक टन डेड वेट टनेज) जहाजों के बर्थिंग की सुविधा के लिए उपगमन वाहिका को -19.8 मीटर तक गहरा किया जाएगा। गहराई और चौड़ाई वृद्धि के कारण उपगमन वाहिका के पास उत्तर और दक्षिण तरंगरोधक की भू-तकनीकी स्थिरता के बारे में आशंका व्यक्त की गई। उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, बंदरगाह प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित तलमार्जन के कारण तरंगरोधक की स्थिरता का आकलन करने हेतु भू-तकनीकी अध्ययन का प्रस्ताव रखा गया।

दक्षिण तरंगरोधक की ओटवर्ती ढलान और उपगमन वाहिका की स्थिरता का मूल्यांकन बिशप सीमा संतुलन पद्धति द्वारा किया गया। तरंगरोधक और उपगमन वाहिका की ढलान सुरक्षा का आकलन करने के लिए अलग–अलग स्तरों से गुज़रने वाले विभिन्न सर्पण वृत्तों को विचाराधीन लिया गया। क्रांतिक वृत्त का सुरक्षा गुणक 1.47 पाया गया। तरंगरोधक और उपगमन वाहिका की ढलानों का स्थिरता विश्लेषण संख्यात्मक मॉडलिंग सॉफ्टवेयर FLAC-2D के उपयोग से भी किया गया। यह सॉफ्टवेयर 'सामर्थ्य न्यूनीकरण तकनीक' द्वारा सुरक्षा गुणक की गणना करता है। वर्तमान समस्या का विश्लेषण तीन चरणों में किया गया, चरण 1 - तरंगरोधक के निर्माण से पहले नींव में प्रारंभिक प्रतिबल अवस्था जांचने के लिए विश्लेषण, चरण 2 - तरंगरोधक निर्माण की स्थिति के लिए नींव के ऊपर अनगढ़ पत्थर के क्षेत्र की परत देकर विश्लेषण और चरण 3 - अंतिम प्रतिबल स्थिति प्राप्त करने के लिए उपगमन वाहिका में प्रस्तावित उत्खनन भाग हटा कर विश्लेषण। अंत में, ढलान स्थिरता परीक्षण एवं सुरक्षा गुणक प्राप्त करने के लिए अध्ययन किया गया। विश्लेषण से तरंगरोधक के ओटवर्ती पराग्र के पास ढलान पर अति लघु क्रांतिक वृत्त पाया गया जिसका सुरक्षा गुणक 1.46 था। इस प्रकार FLAC एवं सीमा संतुलन पद्धति द्वारा किए गए विश्लेषणों के परिणामों में समानता पाई गयी।

बाद में, परियोजना प्राधिकरण से उपगमन वाहिका ढलान में शीटपाइल के साथ संशोधित अनुच्छेद प्राप्त हुआ। इस अनुच्छेद में तरंगरोधक के ओटवर्ती पराग्र से उपगमन वाहिका के प्रस्तावित तल तक ढलान 1V:6.4H है । संशोधित अनुच्छेद के उपगमन वाहिका एवं तरंगरोधक ढलानों का सीमा संतुलन पद्धति द्वारा किए गए स्थिरता विश्लेषण से यह पाया गया कि अलग-अलग स्तरों से गुज़रने वाले विभिन्न सर्पण वृत्तों का सुरक्षा गुणक 1.2 से अधिक है। इससे यह निष्कर्ष निकला जाता है कि तरंगरोधक की ओटवर्ती ढलान और उपगमन वाहिका ढलान भू-तकनीकी दृष्टि से स्थायित्व भार स्थिति के लिए सुरक्षित है ।

पारादीप पत्तन आईएस 1893:2002 के अनुसार भारत के भूकंपीय नक़्शे के क्षेत्र III में आता है। भूकंप क्षेत्र III को मध्यम क्षति जोखिम क्षेत्र में वर्गीकृत किया गया है। महीन गाद रेत की नींव स्तर में उपस्थिति के सन्दर्भ में सीड के मूलानुपाती पद्धति से द्रवीकरण संभावना मूल्यांकन किया गया। यह पाया गया कि विभिन्न गहराई के लिए द्रवीकरण सुरक्षा गुणक (FoS_{liq}) 1.0 से ज्यादा है। इससे यह निष्कर्ष निकला जाता है कि दक्षिण तरंगरोधक के नीचे मौजूद मृदा स्तर में द्रवीकरण होने की संभावना नहीं है।

पारादीप पत्तन का अभिन्यास



संशोधित अनुच्छेद के उपगमन वाहिका एवं तरंगरोधक ढलान का क्रांतिक सर्पण वृत्त (सुरक्षा गुणक = 1.47)

5642 - STUDIES FOR EVALUATING THE PHYSICAL PROPERTIES OF COARSE AGGREGATE FOR LOWER TAPI PROJECT, JALGAON, MAHARASTRA

Padalse Dam a colgrout masonry gravity dam having height of 21.8 m and length 860 m is under construction on Tapi river in Jalgaon district of Maharashtra. The construction of the dam is being carried out using colgrout masonry and plain cement concrete. Before using the coarse and fine aggregate for masonry and concreting purpose, various physical properties of the aggregate material are required to be evaluated in laboratory. For assessing suitability of coarse aggregate in mass concrete for using in dam construction, Project Authority requested CWPRS to undertake studies to conduct the various tests on coarse aggregate materials.

Accordingly, studies have been conducted at CWPRS, Pune. One of the required studies includes evaluation of physical properties of coarse aggregate samples for use in construction of gravity dam using colgrout masonry and plain mass concrete. The main important parameters of aggregate for the construction of dam is stability, strength and durability. The said report covers the studies carried out on supplied samples of 10 mm, 20 mm and 40 mm size coarse aggregates obtained from six quarries to evaluate their physical properties such as Aggregate impact value, Aggregate crushing value and Aggregate abrasion value (Los Angeles). After carrying out laboratory studies, it has been observed that aggregates from all quarries satisfy the requirement of aggregate crushing value, aggregate impact value and aggregate abrasion value as per BIS criteria and is suitable for dam construction as far as strength parameters are concerned.

Los Angeles Test of Aggregate Abrasion Value



Aggregate Abrasion value of coarse Aggregate

5642 - महाराष्ट्र राज्य के जलगाँव में स्थित लोअर तापी परियोजना के लिए भौतिक गुणों का मूल्यांकन करने के लिए अध्ययन

महाराष्ट्र के जलगांव जिले में निम्नतापी योजना के अन्तगर्त तापी नदी पर 860 मीटर लम्बे और 21.8 मीटर ऊँची चिनाई गुरुत्वाकर्षण पदलसे बांध का निर्माण किया जा रहा है। बांध का निर्माण कोलग्राउट चिनाई और साधारण सीमेंट कंक्रीट का उपयोग करके किया जा रहा है। बाँध निर्माण में उपयोग की जाने वाली बड़े आकर की गिट्टी के उपयोग से पहले उसकी उपयुक्तता आकलन हेतु परियोजना अधिकारियो ने के. ज. तथा वि. अ. शाला, पुणे से अनुरोध किया गया।

तदनुसार बड़े आकार की गिट्टी के उपयोग से पहले उसकी उपयुक्तता आकलन हेतु के. ज. तथा वि. अ. शाला, पुणे में विभिन्न अध्ययन प्रयोगशाला में किये गए। अध्ययन हेतु परियोजना अधिकारियो ने 10 मिमी , २० मिमी एवं 40 मिमी आकार की गिट्टी 6 भिन्न भिन्न स्थानों से प्राप्त कर के. ज. तथा वि. अ. शाला, पुणे में भेजी थी। प्रयोगशाला में प्रभाव मूल्य, संपीडन मूल्य एवं घर्षण मूल्य आकने हेतु सभी गिट्टियो पर परिक्षण किये गए है निम्न चित्रों में घर्षण मूल्य आँकने हेतु उपकरण एवं घर्षण मूल्य का विवरण दिया गया है। व्यापक अध्ययन करने के बाद यह देखा गया, कि प्रभाव मूल्य, संपीडन मूल्य एवं घर्षण मूल्य बी आई एस कोड द्वारा निर्धारित सीमा के अंतर्गत पाए गये हैं। अत: 6 स्थानों से प्राप्त सभी आकार की गिट्टीयाँ बाँध निर्माण हेतु उपयुक्त हैं।

कुल घर्षण मूल्य का लॉस एंजिल्स टेस्ट



मोटे समेकन के कुल घर्षण मूल्य

5654 - STABILITY AND SETTLEMENT ANALYSIS FOR PROPOSED TRAINING WALLS AT TENGINAGUNDI - ALVEKODI IN BHATKAL DISTRICT, KARNARTAKA

The Port Division of Karwar had proposed to construct training walls for development of fish landing centres at Alvekodi and Tenginagundi in Bhatkal Taluka of Uttar Kannada district, Karnataka. Alvekodi and Tenginagundi are two villages located on either side of the banks of a creek near the estuary of Venkatapur River. Training wall sections for both Alvekodi and Tenginagundi sides were designed by CWPRS based on the desk and wave flumes studies. Further, project authorities referred studies for geotechnical stability of the training wall to CWPRS.

In this regard, hydraulically safe training wall sections were assessed for geotechnical stability. The slope stability and settlement studies were conducted for total of six sections. Five sections were considered for both sides and one additional section for Tenginagundi side training wall, totalling 11 combinations were studied.

Slope stability studies of the five sections of Alvekodi side training wall using limit equilibrium method indicated stable slope for all sections on sea side. The slope stability for the Channel side sections were found to be safe in two sections, but the remaining three sections with the design slope of 1:1.5 were found to be unsafe.

Critical Slip Circle for Channel side of design section (FS:1.17) – Required modifications

Therefore, these three sections were modified by providing flatter slope of 1:2 above the berm for channel side. Two dimensional analysis of all the sections (design and modified wherever applicable) was conducted using numerical modeling software FLAC to compute settlement and lateral displacement at the toe of the training wall. Both the parameters were found to be negligible with maximum values of 8.95 cm and 8.9 cm respectively. Therefore, design/ modified sections were found to be stable with respect to settlement analysis. Similarly for Tenginagundi side training wall, sea side and channel side slope of sections were found to be stable except for channel side slope above the berm of three sections. The sections were modified by increasing the slope from design value 1:1.5 to 1:2. In this case also, various design section and modified sections were found to be stable with maximum settlement of 12.56 cm.



Critical Slip Circle for Channel side of design section (FS:1.17) – Required modifications



Displacement vector for section along Alvekodi side (Maximum settlement: 4.64 cm) as computed from settlement analysis using FLAC

5654 - कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में स्थित तेंगीनागुंडी-अल्वेकोड़ी के प्रस्तावित नियंत्रण दीवार का स्थिरता और निषदन विश्लेषण

पोर्ट डिवीजन, कारवार ने कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के भटकल तालुका में अल्वेकोड़ी और तेंगीनागुंडी में मछली उतराई केंद्र के विकास के लिए नियंत्रण दीवार का निर्माण करने का प्रस्ताव दिया है। अल्वेकोड़ी और तेंगीनागुंडी गांव वेंकटपुर नदी के पास एक खाड़ी के किनारे स्थित हैं। अल्वेकोड़ी और तेंगीनागुंडी दोनों बाजुओं के लिए नियंत्रण दीवार खंडों का केंज और विअशा द्वारा डेस्क और तरंग अवनालिका परीक्षण के आधार पर डिजाइन किया गया था। परियोजना प्राधिकरण ने नियंत्रण दीवार का भू-तकनीकी स्थिरता विश्लेषण कें.ज. और वि. अ. शाला को निर्दिष्ट किया।

इस संबंध में, जलीय रूप से सुरक्षित नियंत्रण दीवार खंडों का भू-तकनीकी स्थिरता के लिए मूल्यांकन किया गया। ढलान स्थिरता और निषदन का अध्ययन करने के लिए, कुल छह खंडों पर विचार किया गया- दोनों नियंत्रण दीवार के लिए पांच खंड और तेंगीनागुंडी नियंत्रण दीवार के लिए एक अतिरिक्त खंड। समुद्रतल की मिट्टी के स्तर के अनुसार कुल मिलाकर 11 संयोजनों के साथ अध्ययन किया गया।

सीमा संतुलन पद्धति का उपयोग करते हुए अल्वेकोड़ी नियंत्रण दीवार के पांच खंडों के ढलान स्थिरता अध्ययनों से यह पाया गया की सभी खंडों की समुद्र बाजू की ढलान स्थिर है| चैनल बाजूकी ढलान दो खंडों के लिए स्थिर है, किन्तु बाकी तीन खंड अभिकल्प ढलान 1:1.5 के लिए असुरक्षित है। इसलिए इन तीन खंडों के चैनल बाजू के लिए उपतट के उपर संशोधित सपाट ढलान (1:2) की सिफारिश की गई। नियंत्रण दीवार के निषदन और पराग्र के पार्श्विक विस्थापन की गणना करने के लिए सभी खंडो (अभिकल्प या संशोधित जहां भी लागू) का संख्यात्मक प्रतिमान सॉफ्टवेयर (FLAC) का उपयोग कर के दो-आयामी विश्लेषण किया गया। नियंत्रण दीवार के निषदन और पराग्र के पार्श्विक विस्थापन का अधिकतम मूल्य (क्रमश: 8.95 सेमी और 8.9 सेमी) पाया गया, जो की नगण्य था। इसलिए, अभिकल्प खंड और संशोधित खंड निषदन विश्लेषण के संबंध में स्थिर पाए गए।

इसी प्रकार तेंगीनागुंडी बाजु के नियंत्रण दीवार के लिए, सभी छह खंडों की समुद्र बाजू की ढलान स्थिर पाई गई| हालांकि तीन खंडों के चैनल बाजू के उपतट के उपर की ढलान असुरक्षित थी। इन खंडों को सुरक्षित बनाने के लिए चैनल बाजू की ढलान का अभिकल्प मूल्य 1:1.5 से 1:2 में सुधारित किया गया। इस मामले में, अभिकल्प खंड और संशोधित खंड 12.56 सेमी के अधिकतम निषदन मूल्य के साथ स्थिर पाए गए।



अभिकल्प सी-सी खंड के चैनल की तरफ (एफएस: 1.17) के लिए क्रांतिकसर्पण वृत्त – सुधारना आवश्यक



FLAC में निषदन विश्लेषण से पाए गए अल्वेकोड़ी बाजू के लिए (अधिकतम निषदन: 4.64 सेमी) ए-ए खंड के विस्थापन सदिश

5655 - ANALYSIS AND INTERPRETATION OF POWER HOUSE INSTRUMENTATION DATA FOR THE PERIOD JANUARY 2017 TO JUNE 2017, INDIRA SAGAR H.E. PROJECT, M.P.

Indira Sagar multipurpose Project consists of a 1000 MW (8x125 MW) H. E. Power House, 92 m high concrete gravity dam across Narmada River in western Madhya Pradesh. The Sub-Surface Power House consists of eight conventional Francis Turbine units of 125 MW capacity. During construction of Indira Sagar Power House many vibrating type instruments such as Reservoir Water Level Meter, Uplift Pressure Meters, Pore Pressure Meters, Joint Meters, Temperature Meters, Strain Meters, Stress Meters etc., have been installed at various pre-selected locations by M/s Encardiorite Systems, Lucknow under the supervision of Project Authority. Project Authority requested CWPRS to take up the study of analysis and interpretation of Power House instrumentation data. Data from all the installed instruments are recorded by Project Officials on weekly basis and is sent to CWPRS for analysis and interpretation. The data supplied in the form of frequency square has been included in the analysis. Since data from some instruments have been found erroneous and inconsistent, hence not analysed and included in the report.

The parameters namely Uplift Pressure Meter, and Pore Pressure Meter have been plotted with time period, Tail Race Channel Water Level and Reservoir Water level. Other parameters such as, Temperature, Strain, Vertical Stress etc. have been studied and plotted with respect to time period. The water level shown by automatic water level recorder in Tail Race Channel is normal and always fluctuating due to wave action generated in Tail Race Channel. The reservoir water level has been taken from data analysis report of dam instrumentation being submitted by CWPRS from time to time. The uplift pressure measured by two Uplift Pressure Meters are less than the theoretically estimated value.

The pore pressure shown by Pore Pressure Meters installed at higher elevation than peak Tail Race Channel water level, may be due to saturation of surrounding rock mass due to reservoir water level which has been verified during recent site visit. Pore pressure may be reduced by drilling relief holes upto sufficient depth at upstream of Power House structure. Although some Joint meters initially show very high differential settlements, has not contributed any physically noticeable distress in the structure. Data for considerable period of time is required to be studied before commenting on safety aspect of Power House structure. The trend of graphs of all temperature meters is cyclic in nature indicating normal behaviour of Power House structure. The measured compressive and tensile strains and vertical stress remain within compressive and tensile capacity of concrete and show cyclic behaviour.

Figure 1Indira Sagar Dam along with Power House



Variation of Relative Vertical Deformation at Unit joints 5-6-8 at different elevations

5655 - मध्य प्रदेश में स्थित इंदिरा सागर बिजली घर में अधिष्ठापित उपकरणों से जनवरी 2017 से जून 2017 तक की समय अवधि में प्राप्त आँकड़ो का व्याख्या और विश्लेषण

1000 MW (8 x 125 MW) का जल बिजली घर एवं 92 m उच्च कंक्रीट ग्रेविटी बांध जो पश्चिमी मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी के उपर बनाया गया है, इंदिरा सागर बहुउद्देशीय परियोजना में है।

उप-सतही विद्युत गृह में 125 मेगावाट क्षमता के आठ पारंपरिक फ्रांसिस टर्बाइन यूनिट शामिल है। परियोजना प्राधिकरण के पर्यवेक्षण के अंतर्गत M/s Encardiorite Systems, लखनऊ द्वारा इंदिरा सागर बिजली घर के निर्माण के दौरान कई उपकरणों जैसे जलाशय जल स्तर मीटर (Reservoir Water Level Meter), उत्थान दबाव मीटर (Uplift Pressure Meters), Pore दबाव मीटर (Pore Pressure Meters), संयुक्त मीटर (Joint Meters), तापमान मीटर (Temperature Meters), तनाव मीटर (Stress Meters) आदि को विभिन्न पूर्व चयनित स्थानों पर अधिष्ठापित कर दिया गया है। परियोजना प्राधिकरण ने इंदिरा सागर बिजली घर में अधिष्ठापित उपकरणों से प्राप्त आँकड़ो का विश्लेषण एवं अर्थ के अध्ययन के लिये के. ज. तथा वि. अ. शाला, पुणे को अनुरोध किया। साप्ताहिक आधार पर दर्ज की गई सभी अधिष्ठापित उपकरणों से प्राप्त आँकड़ो की व्याख्या और विश्लेषण के लिये के. ज. तथा वि. अ. शाला, पुणे को भेजा है। आवृत्ति वर्ग के रूप में प्राप्त आँकड़ो को विश्लेषण के लिये शामिल किया गया है। उपकरणों से प्राप्त कुछ गलत और असंगत आँकड़ो को अध्ययन में शामिल नहीं किया गया है। मानकों जैसे उत्थापन दाब मीटर और रंध्र दाब मीटर के आँकड़ो को समय की अवधि, टेल रेस चैनल जल स्तर और जलाशय जल स्तर के साथ प्लाट किया गया है। अन्य मानकों जैसे तापमान, खिंचाव, उर्ध्वाधर प्रतिबल आदि के आँकड़ो को समय की अवधि के साथ प्लाट किया गया है। टेल रेस चैनल में स्वचालित जल स्तर रिकॉर्डर द्वारा दिखाया गया जल स्तर स्वाभाविक है और टेल रेस चैनल में लहर के कारण प्लाट हमेशा घटता–बढ़ता दिखता है। 'बाँध में अधिष्ठापित उपकरणों से प्राप्त आँकड़ो का विश्लेषण एवं अर्थ' के रिपोर्ट से, जो समय - समय पर केन्द्रीय जल और विद्युत अनुसंधान शाला से भेजा जाता है, जलाशय जल स्तर लिया गया है।

उत्थान दबाव मीटर (Uplift Pressure Meters) से मापा गया उत्थान दबाव (Uplift Pressure), सैद्धांतिक रूप से अनुमानित उत्थान दबाव से कम है। शिखर टेल रेस चैनल जल स्तर (Peak Tail Race Channel water level) से उच्च ऊंचाई पर अधिष्ठापित रंध्र दाब मीटर (Pore Pressure Meters) से दिखाए गए रंध्र दबाव शायद जलाशय जल स्तर के कारण आसपास के रॉक मास के तर-बतर होने के कारण होगा जो कि हाल ही में की गई साइट यात्रा के दौरान जांच किया गया।

बिजली घर के अपस्ट्रीम पक्ष में पर्याप्त गहराई तक राहत छेद (relief holes) ड्रिल कर के रंध्र दबाव कम किया जा सकता है। हालांकि कुछ संयुक्त मीटर (Joint Meters) ने शुरू में बहुत ज्यादा विभेदी निषदन दिखाया पर संरचना में कुछ उल्लेखनीय विरूपण नहीं बताया। बिजली घर संरचना के सुरक्षा के पहलू पर कुछ टिप्पणी करने से पहले पर्याप्त अवधि के आँकड़ो की जरूरत है। सभी तापमान मीटर (Temperature Meters) के लेखाचित्र चक्रीय प्रकृति के है जो दिखाते है की बिजली घर संरचना की स्थिति सामान्य है। मापा गया संपीडक और तनन विकृति और उर्ध्वाधर प्रतिबल, कंक्रीट के संपीडक और तनन क्षमता के अंदर है और इसकी प्रकृति चक्रीय है।

इंदिरा सागर बाँध के साथ इंदिरा सागर बिजली घर



Unit joints 5-6-8 में विभिन्न ऊँचाइयों पर सापेक्ष लंबरूप विरूपण का परिवर्तन

5661 - ANALYSIS AND INTERPRETATION OF DAM INSTRUMENTATION DATA FOR PERIOD JANUARY 2017 TO DECEMBER 2017 FOR NON-OVERFLOW BLOCK 25, INDIRA SAGAR DAM, M.P.

A 92-meter high and 653 meter long Indira Sagar dam is a concrete gravity dam across river Narmada in Madhya Pradesh consisting of 27 blocks, of which block nos 1 to 3 and 25 to 27 are non-overflow blocks while block nos. 4 to 24 form overflow (spillway) portion. Besides irrigation, the dam further envisages power generation of 1000 MW from installed 8 units of 125 MW each. In order to monitor the structural behaviour of dam, various instruments such as Foundation Piezometers, Uplift Pressure Pipes, Extensometers, Reservoir Water Level Meters, No Stress Strain Meters; Thermometers etc. have been installed in Non-Overflow Block No. 25 at different levels and varying distances from dam axis by M/s Encardiorite Systems under the supervision of Instrumentation group, CWPRS, Pune. Data from installed instruments are collected by Project officials every fortnight since year 2003 and sent to CWPRS at regular intervals for further studies. The studies include detailed analysis and plotting of data of various parameters along with reservoir water level Vs time, 2D Stress analysis by FEM, using Lusas Ver.14.3 software, of dam block for various load combinations, interpretation of results and comparison with design / theoretical values and plotting of isotherms from installed thermometer data in respect of Non-Overflow block no. 25. Studies though primarily cover the results between Jan 2017 to Dec 2017, for the sake of continuity, monitoring behavior of instruments for the entire period between January 2003 to December 2017 has also been covered. The pattern of measured vertical stress, displacement and strain has been in fair agreement with theoretically computed values by FEM. Measured uplift pressure exceeds theoretically computed values in downstream. The pore pressure has also increased suddenly in Jan 2015 indicating opening up of lift joints which may be verified through under water videography. For other parameters such as temperature, water level and pore pressure, most of the instruments exhibited cyclic trend indicating regular dam behavior, remain within allowable limits and fairly match with theoretical values.



Distribution of Vertical Stress by 2D FEM



Comparison of measured and theoretical Uplift Pressure at dam base

5661 - मध्य प्रदेश में स्थित इंदिरा सागर बांध में अधिष्ठापित उपकरणों से जनवरी 2017 से दिसम्बर 2017 तक की समय अवधि में प्राप्त आँकड़ो की व्याख्या और विश्लेषण

इंदिरा सागर बाँध 92 मीटर ऊंचा एवं 653 मीटर लंबा कंक्रीट गुरुत्व बांध है जो मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी पर बना है। 27 निपिण्ड खंडों में निर्मित इस बाँध की खंड संख्या 1 से 3 तक और 25 से 27 तक अनुत्प्लावी खंड है जबकि खंड संख्या 4 से लेकर 24 तक उत्प्लावी खंड है। बाँध के संरचनात्मक व्यवहार के अध्ययन के लिए विभिन्न प्रकार के उपकरण जैसे नींव दाब मापी यंत्र, उत्थान दाब मापी नलिका, नींव विस्थापन मापी यंत्र, जल स्तर मापक यंत्र, शून्य प्रतिबल-विकृति मापक मीटर, प्रतिबल मीटर, विकृति मीटर, ताप मापी यंत्र इत्यादि अनुत्प्लावी खंड संख्या में भिन्न भिन्न स्तरों पर बाँध अक्ष से अलग अलग दूरियों पर बाँध निर्माण के समय अधिष्ठापित किये गये हैं। वर्ष 2003 के बाद से हर पखवाड़े में परियोजना अधिकारियों द्वारा अधिष्ठापित यंत्रों से संग्रहित आकड़ों को, एक नियमित समय अन्तराल पर, इस संस्था को अध्ययन हेतु उपलब्ध कराया जाता रहा है। इस अध्ययन में विभिन्न प्रचालों के आँकड़ों का विस्तृत विश्लेषण एवं जलाशय के जल स्तर के साथ आलेखन, भिन्न भिन्न भार संयोजनों के लिए बाँध खंड का परिमित अल्पांश प्रतिमान विधि द्वारा 2D प्रतिबल विश्लेषण, परिणामों की व्याख्या एवं सैध्दांतिक मानों से तुलनात्मक अध्ययन और अधिष्ठापित ताप मापी यंत्रों के आँकड़ों का समताप आलेखन सम्मिलित हैं। वर्तमान विश्लेषण मुख्य रूप से जनवरी 2017 से दिसम्बर 2017 तक के आँकड़ों पर आधारित है, जबकि अध्ययन के तारतम्य को बनाए रखने के लिए जनवरी 2003 से दिसम्बर 2017 तक के संपूर्ण आँकड़ों को शामिल किया गया है। मापित उर्ध्वाधर प्रतिबल और परिमित अल्पांश प्रतिमान विधि से परिकलित प्रतिबल के प्रतिकृति में काफी समानता है। मापित उत्थान दाब का मान अभिगणनात्मक मान अनुप्रवाह भाग में से अधिक है। छिद्र दाब का मान जनवरी 2015 में अचानक बढ़ गया है , जिसको बांध की उपस्तरये सतह की वीडियोग्राफी कराकर देखने की जरूरत है। दूसरे प्राचलों जैसे ताप, जल स्तर और रंध्र दाब के लिये अधिकतर उपकरणों ने चक्रीय वृत्ति दर्शायी जो बांध का नियमित व्यवहार है एवं सारे मान अनुमत सीमा के अंदर और सैध्दांतिक मानों से काफी मिलते पाये गये है।



द्विविमीय परिमित अल्पांश प्रतिमान विधि द्वारा परिकलित उर्ध्वाधर प्रतिबल का वितरण



बाँध के आधार पर मापित एवं सैध्दांतिक उत्थान दाब की तुलना

5668- ANALYSIS AND INTERPRETATION OF DAM INSTRUMENTATION DATA FOR PERIOD JANUARY 2017 TO DECEMBER 2017 FOR SPILLWAY BLOCK 13, INDIRA SAGAR DAM, M.P.

Indira Sagar dam is a concrete gravity dam having height 92 m and length 653 m built across the river Narmada in Madhya Pradesh, consisting of 27 blocks of which block nos. 1 to 3 and 25 to 27 are non-overflow blocks while block nos. 4 to 24 form spillway portion. Besides irrigation, the dam further envisages power generation of 1000 MW from installed 8 units of 125 MW each. In order to monitor the structural behaviour of dam, various instruments such as Foundation Piezometers, Stress meters, Extensometers, Reservoir Water Level meter, Strain meters, No Stress Strain meters, Thermometers etc. have been installed in Spillway Block No.13 at different levels and varying distances from dam axis by M/s Encardiorite Systems under the supervision of Instrumentation group, CWPRS, Pune. Data from installed instruments are collected by Project officials every fortnight since year 2003 and sent to CWPRS at regular intervals for further studies. The studies include detailed analysis and plotting of data of various parameters along with reservoir water level vs. time, 2D Stress analysis by FEM, using LUSAS ver.14.3 software of dam block under various load combinations, interpretation of results and comparison with design / computed values and plotting of isotherms from installed thermometer data in respect of Spillway block no. 13. Studies though primarily cover the results between Jan 2017 to Dec 2017, for the sake of continuity monitoring behavior of instruments for the entire period between January 2003 to December 2017 has been covered. The pattern of measured Vertical Stress, Displacement and settlement has been in fair agreement with computed values by FEM. Measured uplift pressure remains less than the computed values as per BIS criteria. For other parameters such as Temperature, Water level and Pore pressure, most of the instruments exhibited cyclic trend indicating regular dam behavior, remain within allowable limits and fairly match with computed values. During the year 2017, differential displacement at block joints has suddenly increased beyond permissible limits which require attention.



Distribution of Computed Minimum Principal Stress



Comparison of measured and computed Uplift Pressure

5668- मध्य प्रदेश में स्थित इंदिरा सागर बाँध के उत्प्लावी खंड संख्या 13 में अधिष्ठापित उपकरणों से जनवरी 2017 से दिसम्बर 2017 तक की समय अवधि में प्राप्त आँकड़ों का विश्लेषण तथा व्याख्या

इंदिरा सागर बाँध 92 मीटर ऊंचा एवं 653 मीटर लंबा कंक्रीट गुरुत्व बाँध है, जो मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी पर स्थित है। कुल 27 निपिण्ड खंडों में निर्मित इस बाँध की खंड संख्या 1 से 3 तक और 25 से 27 तक अनुत्प्लावी खंड हैं, जबकि खंड संख्या 4 से लेकर 24 तक उत्प्लावी खंड हैं। बाँध निर्माण से उत्पन्न जलाशय के जल का उपयोग सिंचाई के अलावा 1000 मेगावॉट (8x125 मेगावॉट) विद्युत उत्पादन में होता है। बाँध के संरचनात्मक व्यवहार के अध्ययन के लिए के.ज.वि.अ. शाला, पुणे के यंत्रीकरण प्रभाग के पर्यवेक्षण में मैसर्स इंकार्डियोराइट सिस्टमस् द्वारा विभिन्न प्रकार के उपकरण जैसे नींव दाब मापी यंत्र, उत्थान दाब मापी नलिका, नींव विस्थापन मापी यंत्र, जल स्तर मापक यंत्र, शून्य प्रतिबल-विकृति मापक मीटर, प्रतिबल मीटर, विकृति मीटर, ताप मापी यंत्र इत्यादि अनुत्प्लावी खंड संख्या 13 में भिन्न-भिन्न स्तरों पर बाँध अक्ष से अलग-अलग दूरियों पर बाँध निर्माण के समय अधिष्ठापित किये गये हैं। वर्ष 2003 के बाद से हर पखवाड़े में परियोजना अधिकारियों द्वारा अधिष्ठापित यंत्रों से संग्रहित आंकड़ों को नियमित समय अन्तराल पर इस संस्था को अध्ययन हेतु उपलब्ध कराया जाता रहा है। इस अध्ययन में विभिन्न प्राचलों के आंकड़ों का विस्तृत विश्लेषण एवं जलाशय के जल स्तर के साथ आलेखन, LUSAS ver.14.3 software के माध्यम, भिन्न भिन्न भार संयोजनों के लिए बाँध खंड का परिमित अल्पांश प्रतिमान विधि द्वारा 2D प्रतिबल विश्लेषण, परिणामों की व्याख्या एवं सैद्धांतिक मानों से तुलनात्मक अध्ययन और अधिष्ठापित ताप मापी यंत्रों के आंकड़ों का समताप आलेखन सम्मिलित है। वर्तमान विश्लेषण मुख्य रूप से जनवरी 2017 से दिसम्बर 2017 तक के आंकड़ों पर आधारित है, जबकि अध्ययन के तारतम्य को बनाए रखने के लिए जनवरी 2003 से दिसम्बर 2017 तक के संपूर्ण आंकड़ों को शामिल किया गया है। मापित उर्ध्वाधर प्रतिबल, विस्थापन एवं निषदन और परिमित अल्पांश प्रतिमान विधि से परिकलित सैद्धांतिक मानों में काफी समानता पायी जाती है। BIS मापदंड के अनुसार उत्प्लावी खंड में मापित उत्थान दाब का मान, सैद्धांतिक मानों की तुलना में कम पाया गया है। दूसरे प्राचलों जैसे विकृति, ताप,खंड के संधि का सापेक्ष विरूपण एवं लगभग सभी यंत्रों की चक्रीय प्रवणता बाँध के नियमित व्यवहार को दर्शाती है एवं सारे मान अनुमत सीमा के अंदर पाये गये हैं।



द्विविमितीय परिमित अल्पांश प्रतिमान विधि द्वारा परिकलित उर्ध्वाधर प्रतिबल का वितरण



बाँध के आधार पर मापित एवं सैद्धांतिक उत्थान दाब की तुलना

5676- GEOTECHNICAL STUDIES FOR SEEPAGE AND STABILITY ANALYSIS OF HINGLO DAM, DIST. BIRBHUM, WEST BENGAL

Irrigation & Waterways Department, Govt. of West Bengal have entrusted the work of safety audit of various earth dams, bridges and barrages in West Bengal to M/s WAPCOS Ltd.Out of this, geotechnical studies for safety and stability analysis of 15 number of earth dams is entrusted to CWPRS by M/s WAPCOS Ltd; Hinglo dam being one of them. The dam having length of 1158 m and reported maximum height 12 m above foundation level was constructed in the year 1976 in Birbhum district of West Bengal.

CWPRS officers visited dam site on 16/04/2018 to witness present condition with respect to various stability aspects of the dam. During visit, few depressions, animal burrows, undulations were seen at some locations on the slopes and seepage was reported to occur at high water levels. Due to unavailability of required data for conducting studies,except design cross-sections at two chainages, it was suggested to undertake 1) Survey work of the dam to regenerate cross-sections and 2) Detailed geotechnical investigations by drilling boreholes in dam body and foundation to obtain soil properties.

Based on survey drawings and bore hole investigations, two cross-sections of the dam were finalized for analysis viz. Zoned section (C/S 16) and Homogeneous section (C/S 13). Seepage analysis was conducted using software Plaxis 2D which is finite element numerical modeling software. Results of analysis indicatedthat seepage discharge quantities are 4.25 l/day/m and 11.61 l/day/m for zoned and homogeneous sections respectively. These values are lower than allowable seepage through earth dam (100 l/day/m). Moreover, it was found that no buildup of pore water pressure is occurring in downstream zone of the dam, which is favorable condition from stability point of view.Slope stability was analyzed using limit equilibrium method. Software with facility for automatic search of Factor of safety (FS) was used. FS values for zoned section (C/S 16) were 3.0 and 1.8 for steady seepage and sudden drawdown conditions respectively. For homogeneous section (C/S 13) FS values were 2.71 and 1.68 for respective conditions. Values of FS were more than required values of 1.5 for steady seepage and 1.3 for sudden drawdown condition as specified by IS 7894:1975.

From analysis it is inferred that Hinglo dam is safe from seepage and stability point of view. However, installation of 'V' notch weirs and piezometers is suggested for measurement and monitoring of seepage quantity and pore pressure. Adequate drainage system comprising of cross drains, longitudinal drains, toe drains, etc for collection and drainage of seepage water designed as per IS 9429:1999 is also recommended. Regular maintenance of the dam along with repairs as per CWC guidelines is advised.



Zoned dam section (C/S 16) - Pore water pressure Contours (Steady Seepage condition)



Homogeneous dam section (C/S 13) - Critical Slip Circle (Steady seepage condition) FS=2.71

5676 - पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिले में स्थित हिंग्लो मिट्टी के बाँध का रिसन एवं स्थिरता विश्लेषण हेतु भू-तकनीकी अध्ययन

पश्चिम बंगाल सरकार के सिंचाई और जलमार्ग विभाग ने पश्चिम बंगाल के विभिन्न मिट्टी बांधों, सेतुओं और बैराजों की सुरक्षा परीक्षण का काम मैसर्स वाप्कोस लिमिटेड को सौंपा है। इनमें से 15 मिट्टी के बांधों की सुरक्षा और स्थिरता विश्लेषण हेतु भू-तकनीकी अध्ययन करने का कार्य वाप्कोस लिमिटेड के द्वारा कें.ज.वि.अ.शाला को सौंपा गया है, हिंग्लो बांध उनमें से एक है। बांध की लंबाई 1158 मीटर है और इसके नींव स्तर से अधिकतम ऊंचाई 12 मीटर है। बाँध का निर्माण, वर्ष 1976 में पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिले में किया गया था। कें.ज.वि.अ.शाला के अधिकारियों ने बांध की वर्तमान स्थिति तथा विभिन्न स्थिरता पहलुओं के परीक्षण हेतु 16/04/2018 को बांध स्थल का दौरा किया। यात्रा के दौरान, ढलान के कुछ स्थानों पर अवनमन, जानवरों के बिल, तरंगन देखा गया। उच्च जल स्तर पर रिसाव होने की जानकारी परियोजना अधिकारी द्वारा प्राप्त हुई। दो श्रृंखला मापों में डिज़ाइन अनुच्छेद को छोड़कर,अध्ययन के लिए आवश्यक डेटा उपलब्ध न होने के कारण, 1)बांध अनुच्छेदों को पुनः बनाने के लिए सर्वेक्षण कार्य और 2) बांध तथा नींव में बोर होल ड्रिलिंग करके मिट्टी के गुणों की जाँच करने हेतु विस्तृत भू-तकनीकी अन्वेषण का सुझाव दिया गया।

सर्वेक्षण रेखाचित्र और बोर होल जांच के आधार पर, विश्लेषण के लिए बांध के दो अनुच्छेदों का अध्ययन किया गया-जोन अनुच्छेद (C/S 16) और समांगी अनुच्छेद (C/S 13)। रिसन विश्लेषण प्लैक्सिस द्विविमितीय (2 डी) सॉफ्टवेयर का उपयोग करके किया गया जो परिमित अल्पांश पद्धति प्रतिमानन सॉफ्टवेयर है । विश्लेषण के परिणामों से यह पाया गया कि ज़ोन और समांगी अनुच्छेदों के लिए रिसन मात्रा क्रमशः 4.25 ली/दिन/मी और 11.61 ली/दिन/मी है। ये मूल्य मिट्टी बांध के स्वीकार्य रिसन(100 ली/दिन/मी) से कम है। इसके अलावा यह पाया गया कि बांध के अनुप्रवाह क्षेत्र में रंध्र दाब का कोई निर्माण नहीं हो रहा है, जो स्थिरता के लिए अनुकूल स्थिति है ।

सीमा संतुलन पद्धति का उपयोग करके ढलान स्थिरता का विश्लेषण किया गया। सुरक्षा गुणक (एफएस) के स्वचालित खोज की सुविधा युक्त सॉफ्टवेयर का उपयोग किया गया। जोन अनुच्छेद (C/S 16) के लिए सुरक्षा गुणक स्थिर रिसन और अचानक अपकर्ण की स्थिति के लिए क्रमशः 3.0 और 1.8 है । समांगी अनुच्छेद (C/S 13) के लिए सुरक्षा गुणक स्थिर रिसन और अचानक अपकर्ण की स्थिति के लिए क्रमशः 2.71 और 1.68 पाया गया। सुरक्षा गुणक का मूल्य IS 7894:1975 द्वारा निर्दिष्ट आवश्यक मूल्यों (स्थिर रिसन के लिए 1.5 और अचानक अपकर्ण स्थिति के लिए 1.3) से अधिक है। विश्लेषण से यह अनुमान लगाया जाता है कि हिंग्लो बांध रिसन और स्थिरता के दृष्टिकोण से सुरक्षित है। हालाँकि, रिसन मात्रा और रंध्र दाब के मापन और निगरानी के लिए 'व्ही' नौच वियर तथा रंध्र दाब मापन उपकरण (piezometers) की स्थापना का सुझाव दिया गया। रिसन पानी के संग्रह और निकास के लिए IS 9429:1999 के अनुसार पार नलिका, अनुदैर्ध्य नलिका, पराग्र नलिका आदि से युक्त जल निकास प्रणाली की भी सिफारिश की गई। केंद्रीय जल आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार मरम्मत के साथ बांध के नियमित अनुरक्षण की सलाह दी गयी।



जोन अनुच्छेद (C/S 16) - रंध्र दाब समोच्च रेखा



समांगी अनुच्छेद(C/S 13) - क्रांतिक वृत्त

APPLIED EARTH SCIENCES

5597-MONITORING OF BLAST VIBRATIONS DURING DEEPENING & WIDENING OF NAVIGATIONAL CHANNEL OF JAWAHARLAL NEHRU PORT (PHASE II), NAVI MUMBAI, MAHARASHTRA

Jawaharlal Nehru Port, Mumbai is managed by the Jawaharlal Nehru Port Trust (JNPT), Navi Mumbai, which is an autonomous organization of the Government of India. With increasing cargo handling requirements and competition from neighboring ports, under ambitious "Sagarmala" Project conceived by MOWR, RD & GR of Government of India, JNPT has been entrusted with widening and dredging of exiting navigational channel in order to handle new generation container vessels with deeper drafts. Accordingly, JNPT has planned for the capital dredging of its navigational channel, which involves about 1.73 million cubic meter of rock dredging. In this connection, JNPT Authorities have engaged M/s Boskalis Smit India LLP in Joint Venture with M/s Jan De Nul (BSI - JDN), Mumbai to carry out work involving removal of hard rock by underwater controlled blasting technique. With a view to ensure safety of various adjoining structures of JNPT and in particular, the Elephanta caves, located near the blasting sites against blast vibrations, as designated by M/s BSI., CWPRS, Pune, has been requested to design blasting patterns and safe charge per delay including monitoring of blast vibrations at above mentioned structures to complete the rock dredging work safely and within a stipulated timeframe. Fig. 1 shows the six drilling rigs mounted on drilling barge at JNPT. Fig. 2 shows Engineering seismograph (a) MiniMate and (b) Mini Supergraph. Peak Particle Velocity (PPV) levels of 1 mm/s and 10 mm/s have been recommended by CWPRS as safe vibration levels for the Elephanta caves and various other civil structures respectively against blast vibrations based on previous working experience and guidelines of IS 14881:2001. The blasting work has been completed by conducting a total of 45 blasts during the period between 14.12.2017 to 25.03.2018. Orica Powergel C explosives with NONEL delay detonators have been used for the entire blasting oparations. The charge weight per delay has been varied between 11.61 kg to 54.63 kg depending on the type of rock strata encountered, its hardness and to achieve requisite profile. The ground vibration resulted from these blasts have been monitored at Elephanta Caves and various nearby civil structures using three components engineering seismographs. Fig. 3 shows the blast vibration monitoring locations at Elephanta Jetty and Elephanta Cave No.1. During blasting operations, the vibration levels observed at Elephanta caves are well below the suggested safe PPV level (1 mm/s). The PPV levels observed on various nearby civil structures viz. JNPT Berth, Landing Jetty, Gharapuri Panchayat Office, Shallow Water Berth, Jawahar Dweep 4 have been found to be varying between < 0.4 mm/s to 3.33 mm/s, which are well below the adopted safe vibration level (10 mm/s). After post blast inspection of the monitoring points and the nearby structures, it has been concluded that the present blasting operations have been carried out safely without endangering the safety of the nearby important structures especially Elephanta Caves which is also an World Heritage Site.

Six drilling rigs mounted on drilling barge at JNPT

Engineering seismograph (a) Mini Mate and (b) Mini Supergraph

Vibration monitoring at Elephanta Cave

5597-जवाहर लाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट महाराष्ट्र के , नवी मुंबई , मुंबई बंदरगाह एवं जवाहर लाल नेहरू वाहिका (II– चरण) के गहरीकरण एवं चौड़ीकरण के दौरान विस्फोट कंपनों का मॉनिटरन

